No - 07
Dt-25-01-2019

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (रा.शै.अनु.प्र.प.),भुवनेश्वर

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (रा.शै.अनु.प्र.प.), भुवनेश्वर में दिनांक 19-12-2018 को अपराह्न 4.00 बजे आयोजित की गयी 'राजभाषा कार्यान्वयन समिति' की बैठक का कार्यवृत्त। इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :

1. प्रो. महेंद्र कुमार सतपथी, प्रभारी प्राचार्य एवम् अध्यक्ष
2. प्रो. अनूप कुमार, समन्वयक सदस्य
3. प्रो. मानसी गोस्वामी, अध्यक्ष, विज्ञान और गणित शिक्षा विभाग
4. प्रो. शरत कुमार दाश, विस्तार शिक्षा विभाग
5. श्री अखिलेश्वर मिश्र , प्रधानाध्यापक ,प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय
6. श्रीमती उषा कपूर, प्रशासनिक अधिकारी
7. श्री एस.ए. नरसैयाह, भण्डार अधिकारी
8. श्री पंकज कुमार मिश्र, स्नातकोत्तर प्रशिक्षित हिन्दी अध्यापक
9. श्रीमती प्रियतमा कुमारी सिंह , प्रशिक्षित स्नातक हिन्दी अध्यापिका
10. श्रीमती रूपाघोष, प्रवर श्रेणी लिपिक
11. श्री जितेन्द्र कुमार सतपथी , अवर श्रेणी लिपिक

बैठक के आरंभ में, समन्वयक सदस्य प्रो. अनूप कुमार ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने सदस्यों को सूचित किया कि दि. 26.09.18 को 'राजभाषा कार्यान्वयन समिति' की बैठक का कार्यवृत्त, समिति के समस्त सदस्यों को भेज दिया गया है। सदस्यों को जानकारी दी गयी कि पिछली बैठक के प्रस्ताव के अनुरूप इस समिति के सभी सदस्यों को शामिल करते हुए एक 'व्हाट्सअप ग्रुप' बनाया गया है । इस ग्रुप के माध्यम से सदस्यों के बीच राजभाषा संबंधी सूचनाओं के त्वरित परिचालन में सुविधा होगी । पिछली बैठक में अनुभाग अधिकारी (परिसर एवं कल्याण)से हुई चर्चा के आधार पर सदस्यों को सूचित किया गया था कि द्विभाषी (हिंदी-अँग्रेज़ी) मोहरें शीघ्र ही शत-प्रतिशत बन जाएंगी। श्री अखिलेश्वर मिश्र ने सूचित किया कि अभी तक प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय की मोहरें द्विभाषी नहीं हुई जबकि इस बारे में संबंधित अनुभाग को दो बार लिखकर दिया गया है । प्रो.अनूप कुमार ने कहा कि अभी तक सा.वि.मा.शि. विभाग की भी द्विभाषी मोहरें नहीं बनी हैं । श्रीमती उषा कपूर, प्रशासनिक अधिकारी ने कहा कि वे इसके बारे में अनुभाग अधिकारी , (परिसर एवं कल्याण) से चर्चा करेंगी । सदस्यों को अवगत कराया गया कि संस्थान की वेबसाइट को द्विभाषी करने का कार्य अभी किया जाना है।

(कृ.प .उ .

सदस्यों का सुझाव था कि 'डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड' में कार्यालयी शब्द,वाक्यांश और टिप्पणियां प्रदर्शित करने की संभावना पर विचार किया जाए । प्रशासनिक अधिकारी ने कहा कि जो भी विज्ञापन प्रकाशित हों , वे द्विभाषी या त्रिभाषी हों। सदस्यों ने बताया कि विज्ञापन द्विभाषी निकल रहे हैं , फिर भी प्रशासनिक अधिकारी यह सुनिश्चत करें कि जो भी विज्ञापन छपें ,वे द्विभाषी अवश्य हों । प्रो. मानसी गोस्वामी ने कहा कि संस्थान के सभी विभागों के बड़े आकार के त्रिभाषी एल ई डी बोर्ड बनाये जाने की आवश्यकता है । साथ ही, विक्रय –पटल (Sales Counter) का भी त्रिभाषी बोर्ड बनाया जाए और मुख्य द्वारों पर संस्थान के नए त्रिभाषी साइन बोर्ड लगाए जाएं । प्रो. शरत कुमार दाश ने कहा कि संस्थान के सभी कर्मचारियों का नया द्विभाषी परिचय-पत्र यथाशीघ्र बनाया जाए । श्री अखिलेश्वर मिश्र और श्री पंकज कुमार मिश्र ने कहा कि संस्थान के गेट सं. 1 और 3 में एवं प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय के सामने बैनर लगाने के लिए स्टील फ्रेम लगाए जाएं । इस बारे में परिसर एवं कल्याण अनुभाग को कई बार लिखा जा चुका है । प्रो.अनूप कुमार ने श्री पंकज कुमार मिश्र से कहा कि हिन्दी पखवाड़े का प्रतिवेदन 'समवेत' शीघ्र तैयार किया जाए जिससे विद्यार्थियों को समय से उसकी प्रति मिल जाए ।

प्रो. महेंद्र कुमार सतपथी ,प्रभारी प्राचार्य एवम् अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी को राजभाषा हिंदी का सतत अधिकाधिक प्रयोग करना चाहिए। अंत में, श्री पंकज कुमार मिश्र ने सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया।

25.1.19

प्राचार्य

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (रा.शै.अनु.प्र.प.)

ज्ञापन सं.

प्रति प्रेषित:

1.राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्यों को। 2.परिषद् के हिंदी प्रकोष्ठ के प्रभारी को।

3.प्राचार्य के सहायक कार्यक्रम समन्वयक को। 4. कार्यालय प्रति।